## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 712/2024

अनवान : –

1. शंकर पुनिया पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी लाखासर तहसील नोहर।

– वादी

**बनाम्**

1. इन्द्राज पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी लाखासर तहसील नोहर।
2. ओमप्रकाश पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी लाखासर तहसील नोहर।
3. महेन्द्र पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी लाखासर तहसील नोहर।
4. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

**– प्रतिवादीगण**

**दावा बाबत अन्तर्गत धारा 88–89 ,राजस्थान काश्त0 अधि0 1955**

उपस्थिति :– श्री नरेन्द्र किशोर जोशी अधिवक्ता **वादी**
श्री रविकान्त स्वामी अधिवक्ता **प्रतिवादीगण**

**निर्णय** दिनांकः 03/9/2024

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया है कि रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 34/25 की कुल 4.8740 हैक्ट भूमि में से वादी व प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 3 प्रत्येक का 1/4 हिस्सा एवं रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 33/26 की कुल 6.8420 हैक्ट भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 प्रत्येक के 1/4 हिस्सा भूमि दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

उक्त वाद भूमि का वादी व प्रतिवादीगण ने बाहमी बंटवारा कर लिया है तथा वादी व प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 3 एक ही परिवार के सदस्य है तथा वादग्रस्त भूमि बाबत बाहमी बंटवारा के अनुसार काश्त करते आ रहे है एवं वादग्रस्त भूमि का बंटवारा के अनुसार रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 34/25 के ख0न0 140/4 की कुल 4.8740 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 1.7800 हैक्ट भूमि, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.350 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 1.745 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार रहेंगे एवं रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 33/26 की कुल 6.8420 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 2.498 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.895 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 2.449 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार रहेंगे एवं प्रतिवादी संख्या 2 का नाम उक्त दोनों खातों से कलमजन किया जावे।

वादी ने प्रतिवादीगण को कई दफा कहा कि वादी के हक व हिस्सा की भूमि को उनके नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिन तक आजकल आजकल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिए यह वा[illegible] किया गया है।

अतः वादी का वाद डि[illegible] की वादी के हक हिस्सा की भूमि है जिसे अपने बाहमी बंटवारे के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर[illegible] के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.19 18:41:54 IST
Reason: SelfAttested



उपखण्ड अधिकारी
नोहर

वाद पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया। सम्मन तामील होने के बाद प्रतिवादी सं0 1 ता 3 ने जरिये अधिवक्ता वादी के वाद को स्वीकार करते हुए इकबाल दावा पेश किया जाकर निवेदन किया की वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 3 को कोई ऐतराज नही है। प्रतिवादी संख्या 4 पेरोकार राज ने जवाब पेश किया जो की शामिल मिसल किया गया। वादी ने वाद के समर्थन में बतौर दस्तावेजी साक्ष्य नवीनतम जमाबंदी पेश की जो की शामिल मिसल की गई।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का इकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी के द्वारा शपथ पत्र पेश किया गया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पश्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

बहस वकील उभयपक्षकारान सुनी गई। दौराने बहस वकील वादी ने कथन किया कि उक्त वाद भूमि का वादी व प्रतिवादीगण ने बाहमी बंटवारा कर लिया है तथा वादी व प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 3 एक ही परिवार के सदस्य है तथा वादग्रस्त भूमि बाबत बाहमी बंटवारा के अनुसार काश्त करते आ रहे है एवं वादग्रस्त भूमि का बंटवारा के अनुसार रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 34/25 के ख0न0 140/4 की कुल 4.8740 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 1.7800 हैक्ट भूमि, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.350 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 1.745 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार रहेंगे एवं रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 33/26 की कुल 6.8420 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 2.498 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.895 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 2.449 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार रहेंगे एवं प्रतिवादी संख्या 2 का नाम उक्त दोनों खातों से कलमजन किया जावे। प्रतिवादीगण द्वारा वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के संबंध में कोई एतराज नही है। अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावें।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबूतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावें।

हमारे द्वारा अभिभाषकगण की बहस पर मनन किया गया। पत्रावली में प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। वाद में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 34/25 की कुल 4.8740 हैक्ट भूमि में से वादी व प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 3 प्रत्येक का 1/4 हिस्सा एवं रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 33/26 की कुल 6.8420 हैक्ट भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 प्रत्येक के 1/4 हिस्सा भूमि दर्ज राजस्व रिकार्ड है। वादी का कथन है कि वादी व प्रतिवादीगण एक ही परिवार के सदस्य है तथा उक्त वाद भूमि का वादी व प्रतिवादीगण ने बाहमी बंटवारा कर लिया है तथा वादी व प्रतिवादीगण संख्या 1 ता 3 एक ही परिवार के सदस्य है तथा वादग्रस्त भूमि बाबत बाहमी बंटवारा के अनुसार काश्त करते आ रहे है एवं वादग्रस्त भूमि का बंटवारा के अनुसार रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 34/25 के ख0न0 140/4 की कुल 4.8740 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 1.

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.19 18:41:54 IST
Reason: SelfAttested



उपखण्ड अधिकारी
नोहर

7800 हैक्ट भूमि, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.350 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 1.745 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार रहेंगे एवं रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 33/26 की कुल 6.8420 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 2.498 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.895 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 2.449 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार रहेंगे एवं प्रतिवादी संख्या 2 का नाम उक्त दोनों खातों से कलमजन किया जावे। वादी के उक्त कथनों को प्रतिवादीगण द्वारा स्वीकार करते हुए ईकबाल पेश किया गया है कि वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तो प्रतिवादी संख्या 1 ता 3 को कोई एतराज नही है। अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण मुताबिक अनुतोष स्वीकार योग्य है।

अतः वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 34/25 के ख0न0 140/4 की कुल 4.8740 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 1.7800 हैक्ट भूमि, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.350 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 1.745 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है एवं रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 33/26 की कुल 6.8420 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 2.498 हैक्ट भूमि, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.895 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 2.449 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है एवं प्रतिवादी संख्या 2 का नाम उक्त दोनों खातों से कलमजन किया जावे। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/— रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे। इसी आशय की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई। पत्रावली नम्बर से कम की जाकर तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 03/9/24 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.19 18:41:54 IST
Reason: SelfAttested

# पर्चा डिक्री

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **पंकज गढ़वाल (आर0ए0एस0)**
प्रकरण संख्या – 712 / 2024
अनवान : –

1. शंकर पुनिया पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी लाखासर तहसील नोहर।

– वादी

**बनाम्**

1. इन्द्राज पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी लाखासर तहसील नोहर।
2. ओमप्रकाश पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी लाखासर तहसील नोहर।
3. महेन्द्र पुत्र दौलतराम जाति जाट निवासी लाखासर तहसील नोहर।
4. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर तहसील नोहर।

– **प्रतिवादीगण**

**वाद अन्तर्गत धारा 88 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**
**राजस्व वाद संख्या 712 सन 2024 निर्णय दिनांक** 03/9/2024

आज यह वाद मुझ पंकज गढ़वाल उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर नोहर के समक्ष वकील वादी श्री नरेन्द्र किशोर जोशी एवं राज पेरोकार की उपस्थिति में निर्णयार्थ/अंतिम निपटारे हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबूतों तथा प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी मुताबिक अनुतोष डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 34/25 के ख0न0 140/4 की कुल 4.8740 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 1.7800 हैक्ट भूमि, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.350 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 1.745 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है एवं रोही मौजा लाखासर तहसील नोहर के खाता स0 33/26 की कुल 6.8420 हैक्ट भूमि में वादी अकेला 2.498 हैक्ट भूमि, प्रतिवादी संख्या 1 अकेला 1.895 हैक्ट, प्रतिवादी संख्या 3 अकेला 2.449 हैक्ट भूमि के खातेदार काश्तकार घोषित किये जाते है एवं प्रतिवादी संख्या 2 का नाम उक्त दोनों खातों से कलमजन किया जावे। इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करते हुए इजराय प्रार्थना पत्र के संलग्न 500/– रू का स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावें। यदि कृषि भूमि बैंक रहन है तो रहन मुक्त होने के बाद तथा किसी सक्षम न्यायालय आदि का स्थगन आदेश न हो तो उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद कर रिकार्ड दुरूस्त करे। खर्चा उभयपक्षकारान अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 03/9/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

(पंकज गढ़वाल R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर
नोहर

Signature Not Verified
Digitally signed by Pankaj Garhwal
Date: 2024.09.19 18:41:54 IST
Reason: SelfAttested